दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म- खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 10 अगस्त 2019

www.nyaysakshi.com



# संपादकीय

## बहुमत का करिश्मा

लंबे समय से कहा जा रहा था कि भाजपा नवंबर 2020 तक उच्च सदन राज्यसभा में अपने बूते बहुमत जुटा लेगी। मगर हाल ही में राजग सरकार ने कई ऐसे विधेयक राज्यसभा से सफलतापूर्वक पारित करवा लिये, जिनके पारित होने की दूर-दूर तक संभावना नजर नहीं आ रही थी। इन विधेयकों के अंतर्विरोध व विपक्षी दलों के मुखर विरोध के चलते ये संभव नहीं था। मोदी सरकार पिछले कार्यकाल में भी कुछ विधेयकों को पारित कराने की असफल कोशिश कर चुकी थी। सोमवार को जम्मू-कश्मीर से जुड़े अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को खत्म करने व राज्य पुनर्गठन विधेयक पारित करवाकर भाजपा ने सबको चौंकाया। यह भाजपा के प्रबंधकों के चातुर्य का ही परिणाम था कि भाजपा व बिल के मुखर विरोधी या तो बिल के समर्थन में आ गये या अनुपस्थित रहकर अथवा वाकआउट करके भाजपा सरकार के हाथ मजबूत कर गये। पिछले कुछ?ही दिनों में सूचना का अधिकार कानून में संशोधन, विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण संशोधन विधेयक (यूपीपीए), नेशनल मेडिकल कमीशन, तीन तलाक को अपराध घोषित करने वाले मुस्लिम महिला विवाह अधिकार संरक्षण विधेयक-2019 और अब अनुच्छेद-370 को खत्म करने वाला विधेयक पारित होना भाजपा के कुशल राजनीतिक प्रबंधन की ही मिसाल है। दरअसल, भाजपा ने कुछ क्षेत्रीय दलों मसलन टीआरएस, बीजद, वाईएसआर व अन्नाद्रमुक जैसे दलों को साधने में कामयाबी हासिल की है। ये दल चाहते हैं कि केंद्र से बेहतर संबंध बने रहें ताकि उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के लिए वित्तीय संसाधन जुटाये जा सकें। कुछ राजनीतिक दल केंद्र द्वारा सीबीआई और ईडी जैसे विभागों के राजनीतिक हितों के लिये इस्तेमाल से भी सशंकित रहते हैं। यही वजह है कि भाजपा व नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुखर रही बहुजन समाज पार्टी जहां तीन तलाक विधेयक पर मतदान के दौरान अनुपस्थित रही, वहीं अनुच्छेद-370 को समाप्त करने वाले विधेयक के समर्थन में आ खड़ी हुई, जिसने भाजपा सरकार के मंसूबों को अंजाम देने में प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद ही की।

दरअसल, दूसरी पारी में प्रबल बहुमत के साथ सत्ता में आए नरेंद्र मोदी पहले के मुकाबले ज्यादा आत्मविश्वास से भरे हैं। वे भाजपा के मूल एजेंडे को सिरे चढ़ाकर अपने समर्थकों को दिखाना चाहते हैं कि वे जो कहते हैं, उसे करके दिखा देते हैं। जहां भाजपा अपने कुशल फ्लोर प्रबंधन को अमलीजामा पहनाने में सफल रही है, वहीं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस नेतृत्व संकट से जूझ रही है। आत्मबल की कमी के चलते वह विपक्ष को इन महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित होने से रोकने के लिये लामबंद करने में असफल रही है। यही वजह है कि कांग्रेस के ही कई दिग्गज महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित करने से रोकने के लिये सदन से नदारद रहे हैं। उन्हें मालूम है कि कमजोर नेतृत्व उनके खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकेगा। इसके अलावा कई राजनीतिक दलों के राज्यसभा सांसदों के पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी है। राजग के घटक जद-यू ने कई बार विधेयकों के विरोध में सदन से वाकआउट किया, जो कहीं न कहीं सदन में बहुमत के आंकड़े को नीचे लाकर अपरोक्ष रूप से भाजपा की मदद करने वाला ही साबित हुआ है। सदन में सांसदों के व्यवहार इतने अप्रत्याशित रहे हैं कि ठीक-ठीक कह पाना मुश्किल है कि कौन विरोध में था और कौन अपरोक्ष रूप से सरकार की मदद कर रहा था। तीन तलाक का मुखर विरोध करने वालों की मतदान के दौरान अनुपस्थिति इसी ओर इशारा करती है। क्षेत्रीय दलों को अपने पक्ष में जुटाने के अलावा भाजपा ने विभिन्न राजनीतिक दलों में भी सेंधमारी की है। राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 के प्रावधान को हटाने व राज्य पुनर्गठन बिल के विरोध में सोमवार को दिनभर हंगामा चलता रहा लेकिन जब वोटिंग हुई तो पक्ष में 125 और विपक्ष में 61 वोट पड़े जो भाजपा के कुशल प्रबंधन व विपक्षी दलों की राजनीतिक निष्ठाओं को ही उजागर करती है।

# एसबीआई के बाद तीन बैंकों ने भी घटाई ब्याज दरें

### » होम और ऑटो लोन हुआ सस्ता



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप होम या ऑटो लोन लेने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। रिजर्व बैंक के रेपो रेट कट का असर दिखने लगा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बाद तीन और बैंकों ने लोन पर ब्याज दर में कटौती की है। दरअसल इस कटौती के बाद नए लोन के अलावा पुराने लोन की ईएमआई भी सस्ती हो जाएगी। देश के जिन तीन बैंक ने लोन सस्ते किए हैं उनमें ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स(ओबीसी), बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक शामिल हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के इन बैंकों ने विभिन्न अवधि के लोन पर ब्जाज दर मार्जिनल कॉस्ट ऑफ बेस्ट लेंडिंग रेट्स (एमसीएलआर) में 0.05 फीसदी से लेकर 0.15 फीसदी तक की कटौती की है। आईडीबीआई बैंक की बात करें तो एक साल की अवधि के कर्ज पर एमसीएलआर को 0.10 फीसदी कम करके 8.95 फीसदी कर दिया है। तीन महीने से 3 साल के लिए ब्याज दरों में 0.05 से 0.15 फीसदी की कटौती की गई है। हालांकि एक दिन और एक महीने की अवधि के कर्ज पर दरें अपरिवर्तित रखी गई हैं। ये नई दरें 12 अगस्त से लागू होंगी। इसी तरह ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने अलग-अलग अवधी के कर्ज पर एमसीएलआर में 0.10 फीसदी तक की कटौती की है। एक साल के कर्ज की एमसीएलआर 0.10 फीसदी घटकर अब 8.55 फीसदी पर आ गई है।

बता दें कि एक साल का एमसीएलआर मानक दर होता है। इसी के तहत ऑटो, पर्सनल और होमल लोन के लिए ब्याज दर निर्धारित की जाती है। बैंक की नई दरें 10 अगस्त से प्रभावी होंगी। वहीं, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की एमसीएलआर कटौती के बाद 1 साल की ब्याज दर 8.50 फीसदी हो गई है। दरअसल, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के नतीजे आ गए हैं। इस बैठक में रेपो रेट में 35 बेसिस प्वाइंट की कटौती की गई है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार दूसरे दिन घटे



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल और डीजल के दाम में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोल के दाम में देश के विभिन्न हिस्सों में 14-16 पैसे प्रति लीटर जबकि डीजल के दाम में सात पैसे लेकर 13 पैसे प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। तेल के दाम लगातार घटने से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली। उधर, विदेशी बाजार में इस महीने में कच्चे तेल के दाम में करीब आठ डॉलर प्रति बैरल की कमी आई है जिसके बाद पेट्रोल और डीजल के दाम में और राहत मिलने की संभावना बनी हुई है।

तेल विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को दिल्ली और मुंबई में पेट्रोल के दाम में 15 पैसे जबकि कोलकाता में 14 पैसे और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। वहीं, डीजल के दाम दिल्ली में 13 पैसे, कोलकाता में सात पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 12 पैसे प्रति लीटर घट गए हैं।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम लगातार दूसरे दिन की कटौती के बाद क्रमशः 72.08 रुपये, 74.78 रुपये, 77.74 रुपये और 74.87 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम भी घटकर क्रमशः 65.75 रुपये, 68.08 रुपये और 68.94 रुपये और 69.47 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

# अप्रैल-जून की तिमाही में जापान की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर

**तोक्यो (आरएनएस)।** जापान की अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अप्रैल-जून की तिमाही में उम्मीद से बेहतर रहा है। उपभोक्ता खर्च बढ़ने और पूंजीगत निवेश से तिमाही के दौरान जापानी अर्थव्यवस्था 1.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कैबिनेट कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि जापान का सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी निजी क्षेत्र का खर्च बढ़ने और सरकार द्वारा निवेश किए जाने से उम्मीद से अधिक बढ़ा है। हालांकि, इस दौरान जापान का निर्यात नीचे आया है। अमेरिका और चीन के बीच विवाद से क्षेत्र में चिंता है। इससे वैश्विक और क्षेत्रीय वृद्धि प्रभावित हो रही है।

# मैच के दौरान विराट कोहली ने क्रिस गेल को सिखाया डांस

**नईदिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे इंटरनेशनल मैच में महज 13 ओवर का मैच हो सका और मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। बारिश से बाधित मैच में विराट कोहली और क्रिस गेल ने शानदार डांस किया। लगातार बारिश से बाधित मैच में ग्रांउड में बज रहे शानदार गानों पर विराट कोहली खुद को डांस करने से नहीं रोक पाए, विराट कोहली ने क्रिस गेल के साथ भी डांस किया, मैच तो नहीं हुआ लेकिन खिलाड़ियों ने मस्ती करने का कोई मौका नहीं गंवाया। मैच गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में गुरुवार (8 अगस्त) को खेला गया।



बारिश के चलते पहले टॉस में देरी हुई, फिर टॉस के बाद मैच शुरू होने में देरी हुई, फिर बारिश के बाद मैच 34-34 ओवर का भी किया गया, लेकिन बारिश के चलते मैच को रद्द ही करना पड़ा। इस मैच के दौरान कप्तान विराट कोहली और दिग्गज कैरेबियाई क्रिकेटर क्रिस गेल का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

इस दौरान विराट मैदान पर डांस करके फैन्स का मनोरंजन करते नजर आए। क्रिस गेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो इस दौरान विराट उनको भी डांस मूव सिखाते नजर आए। इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। विराट कोहली ने टॉस जीता और वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। इसके बाद वेस्टइंडीज ने 13 ओवर के खेल में एक विकेट पर 54 रन बनाए।

# 40 रुपये तक महंगा होगा शताब्दी, राजधानी ट्रेनों का खाना

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शताब्दी, राजधानी और दूरंतो ट्रेनों में खाना 40 रुपये तक महंगा हो सकता है। आईआरसीटीसी ने रेलवे बोर्ड से इसकी अनुमति मांगी है। मंजूरी मिलते ही नई कीमतें लागू हो जाएंगी। अभी खाने की कीमत 110 रुपये है। यह 150 रुपये तक हो सकती है। दाम बढ़ने के बाद क्वॉलिटी में और सुधार किया जाएगा। कई बार यात्री खाने की खराब क्वॉलिटी को लेकर शिकायत कर चुके हैं। पिछले दिनों क्वॉलिटी सुधारने के लिए क्वांटिटी कम कर दी गई थी। इसके अलावा ई-टिकट बुकिंग पर सर्विस चार्ज बहाल होने की तैयारी हो रही है, जिससे टिकट महंगा पड़ेगा।



सीएजी की 2017 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रेनों में खाना तय मानकों पर खरा नहीं उतर रहा। इस पर रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि छह साल से खाने की कीमत नहीं बढ़ी है। क्वॉलिटी बेहतर करने के लिए दाम बढ़ाना जरूरी है। पिछले दिनों क्वॉलिटी सुधारने के लिए क्वॉन्टिटी भी कम कर दी गई थी।

# चीन की कारखाना मूल्य आधारित मुद्रास्फीति शून्य से नीचे

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन में कारखाना मूल्य आधारित मुद्रास्फीति तीन साल में पहली बार शून्य से नीचे आ गई है। अमेरिका के साथ व्यापार विवाद के बीच यह चीन में मांग घटने का संकेत है। उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) को औद्योगिक क्षेत्र का संकेतक माना जाता है। यह कारखाने के गेट पर उत्पादों के मूल्य पर आधारित होती है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार जुलाई में पीपीआई में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई। जून में यह शून्य थी। एक अधिकारी ने बताया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की वजह से मुद्रास्फीति में गिरावट आई है।

# शुरुआती कारोबार में रुपया 22 पैसे मजबूत

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी निवेशकों और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों में बैठक की चर्चा के बीच अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया 22 पैसे की बढ़त के साथ 70.47 प्रति डॉलर पर चल रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 70.54 प्रति डॉलर पर खुला। बाद में यह और मजबूत हुआ और 70.47 प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। यह बृहस्पतिवार के बंद की तुलना में 22 पैसे की बढ़त है। बृहस्पतिवार को रुपया 20 पैसे की बढ़त के साथ 70.69 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इससे पिछले पांच सत्रों में रुपया टूटा था।

# गयाना वनडे : भारत-वेस्टइंडीज का पहला वनडे बारिश के कारण रद्द

**जॉर्जटाउन।** भारत और वेस्टइंडीज की टीमों के बीच गुरुवार को प्रोविडेंस स्टेडियम में खेला गया पहला वनडे मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। तीन मैचों की वनडे सीरीज का यह पहला मैच था जो 13 ओवर ही चल सका और भारी बारिश की भेंट चढ़ गया।

मैच में तीन बार बारिश ने खलल डाला। तीसरी बार जब बारिश आई तब वेस्टइंडीज ने 13 ओवरों में एक विकेट के नुकसान पर 54 रन बना लिए थे। इविन लुइस 40 और शाई होप छह रन बनाकर खेल रहे थे।



सिलसिलेवार तरीके से देखें तो मैच शुरू होने के पहले से ही बारिश हो रही थी जिसके कारण टॉस में भी देरी हुई। बारिश रुकने के बाद मैच शुरू किया गया और टॉस हुआ जिसे भारत ने जीत विंडीज को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मैच को 43 ओवर प्रत्येक पारी कर दिया गया था। 5.4 ओवर का ही खेल हुआ था कि दोबारा बारिश आई गई और मैच रोकना पड़ा। बारिश रुकी और मैच दोबारा शुरू हुआ और इस बार भी ओवरों की संख्या घटा 34 ओवर प्रत्येक पारी कर दी गई।

कुलदीप यादव ने 11वें ओवर की पहली गेंद पर क्रिस गेल (4) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। 13वें ओवर की समाप्ति के बाद एक बार फिर भारी बारिश आ गई और फिर दोबारा मैच शुरू नहीं हो सका।

# आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन आनंदमय गुजरेगा। मनोरंजन संबंधी वस्तुओं एवं वस्त्रों की खरीदारी पर धन खर्च होगा। समाज और घर-परिवार में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृषभः- आज लंबे समय से रुके हुए कार्य संपन्न होंगे। सोच-समझकर धन खर्च करें, अनावश्यक व्यय की आशंका है। स्वास्थ्य में सुधार आने के योग बन रहे हैं। विरोधियों का प्रभाव कम होगा।

मिथुनः- साहित्य और कला क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्साहवर्धक रहेगा। पढ़ने-लिखने और सहित्य कला से संबंधित कार्यों में सक्रिय रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग लें, लोग प्रभावित होंगे। आज आपकी वाणी लाभ दिला सकती है।

कर्कः- आज आपकी मनः-स्थिति और स्वास्थ्य में नरमी रहेगी, सेहत के मामले में लापरवाही से बचें। घर परिवार में किसी के साथ बहस हो सकती है, इससे आप काफी आहत हो सकते हैं।

सिंहः- किसी बात को लेकर टेंशन में रहेंगे। उतावलेपन से बचें, गंभीरता पूर्वक काम करें। दिन के दूसरे भाग में समय अनुकूल रहेगा।

कन्याः- ग्रह-नक्षत्र आज आपको धन के लेन-देन में सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। किसी को भी उधार देना हो तो सोच-समझकर दें।

तुलाः- नौकरी और व्यवसाय में आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। लेकिन परेशान न हों, धैर्य बनाए रखें। आप पूरी मेहनत और लगन से अपना काम करते रहिए।

वृश्चिकः- आज कार्यक्षेत्र में किसी को भी उधार देने बचें। निर्णयशक्ति के अभाव में मन में किसी कार्य को लेकर दुविधा हो सकती है। लेकिन किसी की मदद से आप इन सबपर सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनुः- आज आपका दिन शुभ रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे। नौकरी में पदोन्नति के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होने के भी संकेत हैं।

मकरः- आज आप हर काम सरलता से संपन्न कर पाएंगे। नौकरी में अधिकारी खुश रहेंगे। काम के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं।

कुंभः- नौकरी में आपका प्रभाव बढ़ सकता है। आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कार्यों में व्यस्त रहने की संभावनाएं हैं। संतान संबंधी किसी तरह की चिंता हो सकती है।

मीनः- आज कार्य करते समय सतर्कता बरतें। वाहन चलाते समय लापरवाही से बचें। किसी नए सौदे को करने से पहले उसके बारे में जांच परख लें।

# कश्मीरी पनीर बनाने की विधि...

इन दिनों कश्मीर चर्चा में है। वजह है अनुच्छेद 370 का हटना। बेशक राजनीतिक और भौगोलिक चर्चा के लिए कश्मीर का नाम सबकी जुबां पर हो, लेकिन यहां के स्वाद के बिना सब अधूरा है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के अलावा खान-पान और जायके के मामले में कश्मीर समृद्ध है, फिर चाहे बात कहवा की हो, रोगन जोश या वाजवान की। कश्मीर की कुछ रेसिपी आप भी बनाकर देखिए-



### सामग्री :

पनीर के टुकड़े- 1 कप, दूध- 1 1/2 कप, तेल- 1 चम्मच, जीरा- 1 चम्मच, हल्दी पाउडर- 1/2 चम्मच, तेजपत्ता- 2, सोंठ पाउडर- 1/2 चम्मच, गरम मसाला- 1/2 चम्मच, नमक स्वादानुसार, केसर चुटकी भर, **पाउडर बनाने के लिए-** लौंग- 3, इलायची- 3, सौंफ- 2 चम्मच, मेथी- 1 चम्मच

### विधि

सबसे पहले लौंग, इलायची, सौंफ और मेथी का पाउडर बना लें। पैन में तेल गर्म करें और उसमें जीरा और मसालों का तैयार पाउडर डालें। दूध डालें और उसे उबालें। जब दूध उबलने लगे तो उसमें हल्दी पाउडर, सोंठ पाउडर, गरम मसाला पाउडर, तेजपत्ता और केसर डालकर मिलाएं। आंच धीमी करें। पैन में अब पनीर के टुकड़े डालें। दूध में जब बुलबुले बनने लगें तो नमक डालकर मिलाएं। धीमी आंच पर पनीर के मुलायम होने तक पकाएं। गैस ऑफ करें और गर्मागर्म परोसें...

# शब्द सामर्थ्य- 51

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | दां | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

# सू-दोकू- 51

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 50 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |